INTERNATIONAL RESEARCH JOURNAL OF HUMANITIES AND INTERDISCIPLINARY STUDIES
( Peer-reviewed, Refereed, Indexed & Open Access Journal )
DOI : 03.2021-11278686 ISSN : 2582-8568 IMPACT FACTOR : 5.828 (SJIF 2022)

# यूपी महिला सामर्थ्य योजना 2022 का महिला सशक्तिकरण में योगदान पर अध्ययन

## (Study on Contribution to Women Empowerment of UP Mahila Samarthya Yojana 2022)

**Kanchan Jain**
Research scholar
Department of Education,
Mangalayatan University,
Aligarh (Uttar Pradesh, India)

**DOI No.** 03.2021-11278686 **DOI Link ::** https://doi-ds.org/doilink/09.2022-47312236/IRJHIS2209004

***शोध सारांश :***

*भारत देश के विभिन्न प्रांतों के अंतर्गत अनेकों योजनाएं चल रही हैं । जो महिला सशक्तिकरण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। इन योजनाओ के माध्यम से महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने और उसे बेहतर बनाने के लिए भारत सरकार अनेक प्रयास कर रही हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश प्रांत में भी अलग अलग योजनाओं के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण और उन्हें विभिन्न स्तरों पर आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। इन्ही योजनाओं में से एक योजना यूपी महिला सामर्थ्य योजना है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ये योजना महिलाओं को सशक्त करने की ओर एक सराहनीय प्रयास है। इस योजना का आरंभ महिलाओं को रोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए किया जाएगा। जिससे वो आत्मनिर्भर बन सकें और साथ ही अपने जीवन स्तर को उत्कृष्ट बना सके। यूपी महिला सामर्थ्य योजना 2022 उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आरंभ की गयी यूपी महिला सामर्थ्य योजना महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु है। जिससे उत्तर प्रदेश की महिलाएं भी सशक्त बन आगे बढ़ सकें और उनका सामाजिक विकास हो। इस योजना के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा महिलाओ को उनके आस-पास उपलब्ध / स्थानीय संसाधनों के हिसाब से कुटीर उद्योगों की शुरुआत करने को प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही महिलाओ को अपने कुटीर उद्योगों द्वारा उत्पादित वस्तुओं को बेचने के लिए भी सरकार बाजार उपलब्ध कराएगी। जहाँ महिलाएं आसानी से अपना सामन बेचकर कुछ आय प्राप्त कर सकने में सफल होगीं। इस योजना के लिए सरकार द्वारा 200 करोड़ का बजट निर्धारित करने की घोषणा की गयी है। इस योजना को जारी वित्तीय वर्ष 2021-22 से किया गया है। इस योजना के आरंभ का शंखनाद फ़रवरी 2021 में हुआ है। उत्तर प्रदेश की महिला सामर्थ्य योजना का क्रियान्वयन द्वी-स्तरीय कमिटी द्वारा किया जाएगा। जिनमे से एक कमिटी राज्य स्तर पर गठित की जाएगी और दूसरी जिला स्तर पर।*

***मुख्य शब्द :*** *सामर्थ्य, क्रियान्वयन, स्तर,सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर, कुटीर, उद्योग , निरंतर।*

## प्रस्तावना :

## यूपी महिला सामर्थ्य योजना की कार्य प्रणाली :

इस योजना के अंतर्गत 200 विकासखंडों में महिला सामान्य सुविधा केंद्र खोले जाएंगे। ये

पहले चरण के दौरान ही होंगे। इन केंद्रों में महिलाओं को विभिन्न प्रशिक्षण दिया जाएगा। उदाहरण के लिए सामान्य उत्पादन और उसकी तकनीकी, विकास, पैकेजिंग, लेवेलिंग और बारकोडिंग इत्यादि की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा उन्हें आगे बढाने एवं महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सामान्य जागरूकता, सेमिनार, एक्स्पोज़र, परामर्श कार्यक्रम, कार्यशाला और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन सुविधा केंद्रों का 90 प्रतिशत का खर्चा राज्य सरकार द्वारा उठाया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत द्विस्तरीय कमिटी का गठन किया जाएगा।

इनमे से एक कमिटी राज्य स्तर पर गठित की जाएगी और दूसरी जिला स्तर पर कार्य करेगी। जिला स्तर पर कार्य करने वाली कमिटी की अध्यक्षता जिले के डिस्ट्रिक्ट मेजिस्ट्रेट द्वारा की जाएगी। जो की राज्य स्तरीय सञ्चालन समिति मिलकर कार्य करेगी और राज्य की महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेंगे एवं उनका मार्गदर्शन करेंगे।

**सामर्थ्य योजना का उद्देश्य :**

इसका उद्देश्य महिलाओं के जीवन के स्तर को और बेहतर बनाना है जिससे कि सभी महिलाएं बेहतर जीवन जी सकें। इस योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश प्रांत की महिलाओं को रोजगार के प्रति प्रेरित किया जाएगा। जिससे कि महिलाएं अपने लिए आय का एक साधन उत्त्पन्न कर सकें एवं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन राष्ट्रहित में अपना योगदान दे सकें। इससे महिलाएं सशक्त बनेंगी और महिला सशक्तिकरण में इस योजना का बहुत बड़ा योगदान होगा। इसके लिए आवश्यक है की उन्हें कुटीर उद्योगों के लिए प्रोत्साहित किया जाये और साथ ही साथ उन्हें ये सभी उत्पाद बेचने के लिए एक बाजार भी उपलब्ध कराया जाए। इन्ही सभी बातों पर ध्यान केंद्रित करते हुए राज्य सरकार ने इस योजना के माध्यम से उन्हें उपलब्ध संसाधनों में ही कुटीर उद्योग लगाने और साथ ही बाजार भी उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की है।

इसके अलावा उन्हें उद्योगों से सम्बंधित प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस योजना के माध्यम से न केवल महिलाओं की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी बल्कि प्रदेश में उद्योगों की संख्या भी बढ़ेगी। जिस से राज्य की आर्थिक स्थिति में भी बढ़ोतरी होगी।

**महिला सामर्थ्य योजना यूपी के लाभ एवं विशेषताएं :**

यह योजना देश भर में चल रही महिला सशक्तिकरण मुहिम को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश में भी आरंभ की गयी है।

यूपी महिला सामर्थ्य योजना के अंतर्गत प्रदेश की सभी महिलाओ को रोजगार देने एवं लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

इस योजना के माध्यम से सरकार द्वारा यह प्रयास किया गया है कि सभी महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर हों। उनके पास स्वयं की आय का कोई स्रोत हो।

इस योजना के माध्यम से सरकार प्रदेश की सभी महिलाओं को आय का साधन जुटाने में सहायता प्रदान करेगी।

उत्तर प्रदेश की ये योजना स्थानीय महिलाओं को उनके आस पास उपलब्ध संसाधनों की

सहायता से अपना स्वयं का कुटीर उद्योग शुरू करने के लिए प्रेरित करेगी। जिससे कि उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके।

इन कुटीर उद्योगों के माध्यम से महिलाओं द्वारा उत्पादित या तैयार की गई विभिन्न वस्तुओं को सरकार द्वारा बाज़ार भी उपलब्ध कराया जाएगा ताकि सभी महिलाएं इस में अपना सामान / उत्पाद आसानी से बेच सकें। और इस माध्यम से सभी महिलाओं की कुछ आर्थिक लाभ हो सके।

इस माध्यम से जो कुटीर उद्योग महिलाओं के द्वारा चलाये जा रहे हैं उनके उत्थान हेतु और बेहतरी के लिए बढ़ावा देने के लिए सरकार सहायता करेगी। यूपी महिला सामर्थ्य योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार ने 200 करोड़ रुपयों का बजट इस योजना के क्रियान्वयन हेतु घोषणा की है।

उत्तर प्रदेश की महिला सामर्थ्य योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस योजना के माध्यम से सभी महिलायें अपनी रूचि के अनुसार विभिन्न प्रशिक्षण पा सकेंगी। इस योजना के तहत प्रारंभ किए जाने वाले विभिन्न सुविधा केंद्रों का 90 प्रतिशत खर्चा राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

**पात्रता एवं दस्तावेज़ :**

उत्तर प्रदेश की महिला सामर्थ्य योजना 2022 का लाभ लेने के लिए आपको इस योजना में आवेदन करना होगा। इस योजना में भाग लेने के लिए आपको इसकी पात्रता शर्तें और सभी आवश्यक दस्तवेज़ों की जानकारी चाहिए होगी। हम लेख में आगे सभी आवश्यक दस्तावेज़ों की सूची उपलब्ध करा रहे हैं। कृपया आवेदन पूर्व आप इन्हे एक बार जांच कर अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें।

**पात्रता :**

यह योजना केवल महिलाओं के लिए हैं। इसलिए इसमें सिर्फ महिलाएं ही भाग लेने की पात्रता रखेंगी। ये योजना सिर्फ उत्तर प्रदेश के निवासियों के लिए ही है। इसलिए ये अतिआवश्यक है कि आवेदन करने वाली महिला उत्तर प्रदेश की स्थायी निवासी हो।

**दस्तवेज़ों की सूची :**

१.आधार कार्ड

२. मूल निवासी / स्थायी निवास प्रमाण पत्र

३. राशन कार्ड

४. आय प्रमाण पत्र

५. पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ

६. बैंक खाता विवरण

७. मोबाइल नंबर

८. मतदाता प्रमाण पत्र

**उपसंहार :**

उत्तर प्रदेश सरकार माननीय मुख्यमंत्री जी की महिला सशक्तिकरण हेतु होती पहल जमीन पर काम कर रही है।महिला एवं बाल विकास मंत्रालय महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें देश के सभी क्षेत्रों की मुख्य धारा में लाने के लिए विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों को आवश्यकतानुसार लागू कर रहा है ।

**संदर्भ :**


1. https://up.gov.in › ...Social Welfare Initiatives | Women - Government of Uttar Pradesh Women Empowerment Schemes
2. https://mksy.up.gov.in › Deptobjecti... DEPARTMENT OF WOMEN & CHILD DEVELOPMENT
3. https://www.google.com/url?sa=t&source=web&rct=j&url=https://www.opindia.com/2021/03/yogi-adityanath-uttar-pradesh-international-womens-day-schemes-welfare/amp/&ved=2ahUKEwjmpuyB-N_5AhWjR2wGHTwfAZcQFnoECBwQAQ&usg=AOvVaw3C-JFa6ewFunRseKPdWY5r
4. https://www.google.com/url?sa=t&source=web&rct=j&url=http://uphome.gov.in/women-power-line-1090.htm&ved=2ahUKEwjmpuyB-N_5AhWjR2wGHTwfAZcQFnoECCoQAQ&usg=AOvVaw0UwLpC8qaEAV_qTlCqx1ci
5. https://www.google.com/url?sa=t&source=web&rct=j&url=https://www.goodreturns.in/amphtml/classroom/2018/02/7-indian-government-schemes-women-empowerment-680804.html&ved=2ahUKEwjmpuyB-N_5AhWjR2wGHTwfAZcQFnoECDkQAQ&usg=AOvVaw3ULZwDLRfdYPEppv2ES6H7
6. https://www.google.com/url?sa=t&source=web&rct=j&url=https://uphwd.gov.in/&ved=2ahUKEwjmpuyB-N_5AhWjR2wGHTwfAZcQFnoECBcQAQ&usg=AOvVaw2HDxaF1hk-YQ6DxWHQkKhq
7. https://www.google.com/url?sa=t&source=web&rct=j&url=https://uphwd.gov.in/&ved=2ahUKEwjmpuyB-N_5AhWjR2wGHTwfAZcQFnoECBcQAQ&usg=AOvVaw2HDxaF1hk-YQ6DxWHQkKhq
8. https://www.google.com/url?sa=t&source=web&rct=j&url=https://www.firstpost.com/india/yogi-adityanath-launches-nirbhaya-ek-pahal-in-uttar-pradesh-how-new-programme-will-help-over-75000-women-10012941.html/amp&ved=2ahUKEwjmpuyB-N_5AhWjR2wGHTwfAZcQFnoECEUQAQ&usg=AOvVaw1mhlz0y3CzpYBZbayqtgLc
9. https://www.google.com/url?sa=t&source=web&rct=j&url=https://wcd.nic.in/schemes-listing/2405&ved=2ahUKEwjixoyb-d_5AhVjSWwGHV2iAm0QFnoECAsQAQ&usg=AOvVaw05fDTBSccKaSqdL8569w7m